# एक से भले दो



# एक से भले दो





मिसेज़ ब्रैडी और मैक्स पीले घर में रहते हैं. उनका घर लॉरा के घर के बगल में है. हर सुबह जब लॉरा साइकिल चलाने जाती है, मिसेज़ ब्रैडी और मैक्स पैदल सैर करने जाते हैं. वह दोनों धीरे-धीरे चलते हैं क्योंकि मैक्स बहुत बूढ़ा है.

"हम सदा दस बजे सैर करने जाते हैं," मिसेज़ ब्रैडी कहती हैं.

मिसेज़ ब्रैडी एक पँख लगा हैट पहनती हैं. जब हवा तेज़ चलती है तो वह एक हाथ से हैट को पकड़ कर रखती हैं. मैक्स पट्टू का लाल कोट पहनता है, जिसके एक तरफ हरे, चमकीले अक्षरों में मैक्स लिखा है.



सैर करने के बाद मिसेज़ ब्रैडी और मैक्स चाय पीते हैं. मिसेज़ ब्रैडी जब युवा थीं वह इंग्लैंड में रहती थीं, इसलिए वह उस चाय को *ग्यारह-बजे-वाली* कहती हैं. इंग्लैंड में लोग सुबह की चाय को *ग्यारह-बजे-वाली* कहते हैं.

विशेष दिनों पर लॉरा भी उनके साथ चाय पीती है.

मिसेज़ ब्रैडी और लॉरा दूध वाली चाय पीती हैं और साथ में कुकीज़ या छोटे-छोटे सुंदर केक खाती हैं.

मैक्स अपने कप में चाय पीता है. उसका कप खूब चौड़ा है ताकि वह आसानी से पी सके. वह कागज़ के नैपकिन पर रखे अपने बिस्कुट खाता है.

“मैक्स का व्यवहार बहुत उत्तम है,” मिसेज़ ब्रैडी कहती हैं. “वह चाय की एक बूँद भी नीचे नहीं गिराता और बिस्कुट का एक कण भी छोड़ता.”



लॉरा जब मैक्स को कान के पीछे धुँधले धब्बे पर खुजलाती है तो उसे अच्छा लगता है.

उसे वहाँ सदा खुजली होती है.





*ग्यारह-बजे-वाली* के बाद लॉरा घर चली जाती है. फिर मिसेज़ ब्रैडी और मैक्स बरामदे में लगे झूले पर बैठ जाते हैं और अड़ोस-पड़ोस को देखते हैं.

वह एक दूसरे के निकट बैठते हैं और झूले को आगे-पीछे, आगे-पीछे हिलाते हैं. मिसेज़ ब्रैडी पाँव से धक्का देकर झूले को हिलाती हैं और कभी-कभी रेडियो पर बजते संगीत की ताल पर उसे हिलाती हैं.

प्राय: वह कोई गीत भी गाते हैं.

“रेलमार्ग पर करता हूँ मैं काम” मैक्स को बहुत प्रिय है.



कभी-कभी गिलहरी पर गुर्राने या डाकिये पर भौंकने के लिए मैक्स सावधानी से झूले से नीचे कूद जाता है.





कभी-कभी मिसेज़ ब्रैडी सिलाई-कढ़ाई का काम करती हैं.



एक दिन मिसेज़ ब्रैडी झूले पर मैक्स के बिना अकेली बैठती हैं. उस दिन उन्होंने मैक्स के साथ सैर नहीं की और *ग्यारह-बजे-वाली* चाय भी नहीं पी.

“मैक्स कहाँ है?” लॉरा ने माँ से पूछा.

“मैक्स की मृत्यु हो गई,” माँ ने बताया.



पट्टू का लाल कोट पहने मैख्स के बारे में लॉरा सोचती है. कान के पीछे धुँधले धब्बे के बारे में वह सोचती है, वह सोचती है कि अब वह उसे खुजला न सकेगी.

जब लॉरा रोने लगती है तो माँ उसे तब तक दुलार करती है जब तक वह चुप नहीं हो जाती. “किसी के संग रोने से मन हल्का हो जाता है,” माँ ने कहा.



लंच के बाद भी मिसेज़ ब्रैडी झूले पर बैठी हैं. वह अलग-अलग जगह बैठती हैं, पर चाहे वह कहीं भी बैठें, झूला टेढ़ा ही झूलता है. सिर्फ एक व्यक्ति के बैठने पर झूला अच्छी तरह नहीं झूलता.

मिसेज़ ब्रैडी उदास और एकाकी लग रही हैं.





लॉरा मिसेज़ ब्रैडी के लिए एक नन्हा चाइना डॉग लाती है जो बिलकुल मैक्स जैसा दिखता है.

"धन्यवाद," लॉरा घर की ओर चलती है तो मिसेज़ ब्रैडी कहती हैं.





अगले दिन लॉरा मिसेज़ ब्रैडी के लिए कुछ फूल ले कर आती है - क्लोवर् और डैंडलाइन के फूल और पँखों जैसी नरम घास.

“धन्यवाद,” लॉरा घर की ओर चलती है तो मिसेज़ ब्रैडी कहती हैं.

अगले दिन लॉरा मिसेज़ ब्रैडी के लिए एक रेखाचित्र लाती है. चित्र सुखद चीज़ों से भरा है - एक इंद्रधनुष और मुस्कराता सूरज है, एक कागज़ का नैपकिन और एक कप है.

“धन्यवाद,” लॉरा घर की ओर चलती है तो मिसेज़ ब्रैडी कहती हैं.



लॉरा मिसेज़ ब्रैडी को अपने झूले पर झूलते देखती है. वह आगे-पीछे झूलती हैं, झूला टेढ़ा झूलता है. फूल, रेखाचित्र और नन्हा चाइना डॉग सब बरामदे में हैं. लेकिन फिर भी मिसेज़ ब्रैडी उदास हैं.

लॉरा सोचने लगती है. उसे लगता है कि मिसेज़ ब्रैडी को मैक्स की कमी खल रही है. वह सोचती है कि अकेले सैर करना और *ग्यारह-बजे-वाली* चाय पीना और झूला झूलना कितना उदासी भरा होगा.

फिर लॉरा को माँ के संग रोने की याद आई.

और उसे समझ आया कि एक काम था जो वह कर सकती है.





वह एक भूरे कागज़ के बैग को लपेट कर मिसेज़ ब्रैडी के घर भाग कर आ जाती है. वह मिसेज़ ब्रैडी के साथ झूले पर बैठ जाती है. वह एक साथ झूले में आगे-पीछे झूलते हैं. आगे-पीछे, आगे-पीछे, लंबे समय तक झूलते हैं.

अब झूला अच्छे से झूल रहा है, क्योंकि रोने समान किसी के संग झूला झूलना अच्छा होता है.

अब मिसेज़ ब्रैडी उदास नहीं लगतीं.

जब मिसेज़ ब्रैडी अपनी घड़ी पर समय देखती हैं तो वह सीधी बैठ जाती हैं और कहती हैं, "अरे, लॉरा! हम *ग्यारह-बजे-वाली* भूल ही गए."

"मैं नहीं भूली," लॉरा ने कहा. उसने अपना भूरा कागज़ का बैग खोला और उस में से दो कुकीज़ निकालीं. एक अपने लिए और एक अपनी मित्र के लिए.



और क्योंकि यह एक विशेष दिन है, लॉरा और मिसेज़ ब्रैडी *ग्यारह-बजे-वाली* चाय पीने के लिए घर के अंदर जाते हैं.



**समाप्त**